Calgary

सेकेंडरी स्वीट इन्सेन्टिव प्रोग्राम क्या है?

सेकेंडरी स्वीट इन्सेन्टिव प्रोग्राम एक सेकेंडरी स्वीट का निर्माण और पंजीकरण करने के लिए घर के योग्य मालिकों को **$10,000 डॉलर** तक प्रदान करके कैलगरी में सुरक्षित, किफायती आवास का समर्थन करता है।

यदि घर के मालिक के पास सेकेंडरी स्वीट के लिए सक्रिय बिलडिंग परमिट है तो वे इस प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकते हैं। बिलडिंग परमिट **apply.calgary.ca** से प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदक उन सुरक्षा तत्वों से संबंधित वित्तपोषण के लिए पात्र होगा जो आवेदन के समय और/या प्रथम निरीक्षण के समय स्थान पर अनुपस्थित हैं। सुरक्षा के योग्य तत्व नीचे दी गयी तालिका में वर्णित हैं प्रत्येक घर को सुरक्षा मदों के लिए अधिकतम $10,000 मिल सकते हैं।

सुरक्षा तत्व	रकम
निकास खिड़की(याँ)	$1,500
हार्डवायर्ड और इंटरकनेक्टेड स्मोक और कार्बन मोनोऑक्साइड अलार्म	$1,000
संरक्षित निकास	$1,000
धुआं-रोधी बाधा	$4,000
विभाजित हीटिंग/अलग हवा	$6,000

विभाजित हीटिंग/अलग हवा केवल नए सेकेंडरी स्वीटस के लिए आवश्यक है।

आवेदन करने से पहले, पात्रता की आवश्यकताओं की समीक्षा करें

- यदि आपके पास कैलगरी में एक घर घर सहित संपत्ति है, तो आप वित्तपोषण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक आवेदक को केवल एक बार ही धनराशि प्राप्त हो सकती है तथा धनराशि के लिए आवेदन करते समय तथा स्वीट को पंजीकृत करते समय उसे संपत्ति के टाइटल पर सूचीबद्ध मालिक होना चाहिए।
- आपके पास अपने सेकेंडरी स्वीट के लिए सशुल्क बिलडिंग परमिट आवेदन प्रस्तुत किया होना जरूरी है।
- आपको आवश्यक ऑनलाइन सेकेंडरी स्वीट सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करने के लिए या अपने ठेकेदार से आवश्यक ऑनलाइन सेकेंडरी स्वीट सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करवाने के लिए तैयार होना चाहिए।
- आपको किए गए कार्य और स्वीट पर सीधे तौर पर प्रयुक्त सामग्री के लिए भुगतान रसीदें या इनवॉइस प्रदान करने के लिए तैयार होना चाहिए।
- आप पर कैलगरी शहर का कर बकाया नहीं होना चाहिए।

प्रोग्राम के लिए आवेदन करें

आवेदन करने के लिए **calgary.ca/suite-incentive** पर मुख्य इन्सेन्टिव पृष्ठ पर जाएं और “अभी आवेदन करें” पर क्लिक करें।

एक सुरक्षित सेकेंडरी स्वीट का निर्माण

घर के मालिक अपने घर और स्वीट में रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। पंजीकृत स्वीट होने से आपको देयता से अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है। यदि स्वीट संपत्ति पर कोई दुर्घटना घटित होती है तो इससे कानूनी जटिलताओं का जोखिम कम हो जाता है। सही परमिट प्राप्त करना और आवश्यक सुरक्षा कोड आवेश्यकेताोएं को पूरा करना यह सुनिश्चित करता है कि एक सेकेंडरी स्वीट अन्य लोगों के रहने के लिए सुरक्षित है।

नए और मौजूदा सेकेंडरी स्वीट्स के बारे में अधिक जानने के लिए, अपने स्वीट को पंजीकृत करने और परमिट के लिए आवेदन करने के लिए **calgary.ca/suites** पर जाएं।

सुलभता और ऊर्जा दक्षता के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण उपलब्ध है।

$1,250	$5,000
एनर्जी स्टार प्रमाणित निकास खिड़कियों और विभाजित हीटिंग/अलग हवा उपकरणों के लिए अतिरिक्त $1,250 तक।	सामान्य गतिशीलता संबंधी समस्याओं वाले लोगों के लिए सुलभ स्थानों के विकास के लिए अतिरिक्त $5,000 तक।

23-0035287 CRV-28112